**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 16 सितम्बर, 2025 :-**

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज देवघर स्थित बाबा बैद्यनाथ मंदिर में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना की तथा समस्त राज्यवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने आज एम्स देवघर के छठा वार्षिक दिवस समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह अवसर केवल एक संस्थान का वार्षिकोत्सव मात्र नहीं है, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प की उस यात्रा का उत्सव है, जिसने स्वास्थ्य और आशा की नई किरण जगाई है। उन्होंने 31 जुलाई, 2025 को माननीया राष्ट्रपति महोदया की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न प्रथम दीक्षांत समारोह का उल्लेख करते हुए कहा कि वह केवल डिग्री प्राप्त करने का अवसर नहीं, बल्कि सेवा का संकल्प लेने का क्षण भी था। यह गौरव केवल विद्यार्थियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे झारखण्ड के लिए भी था।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि 270 एकड़ में फैला यह परिसर एक 750 बेड वाला यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है, जिसमें अत्याधुनिक चिकित्सा सुविधाएँ, डायग्नॉस्टिक सेवाएँ, उत्कृष्ट संकाय और शोध केंद्र हैं। यहाँ झारखण्ड के अलावा बिहार और पश्चिम बंगाल जैसे सीमावर्ती राज्यों से भी बड़ी संख्या में मरीज उपचार हेतु आते हैं।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि चिकित्सक का दायित्व केवल रोग का उपचार करना ही नहीं है, बल्कि रोगी के मन में स्वस्थ होने की आशा और विश्वास जगाना भी है। एक चिकित्सक की अच्छी वाणी, उसका धैर्य और उसका स्नेह कभी-कभी मरीजों के लिए सबसे बड़ी औषधि सिद्ध हो जाते हैं। यही कारण है कि अस्पताल केवल इलाज का स्थान नहीं होता, बल्कि मानवता और करुणा का मंदिर भी होता है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि एम्स देवघर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार कर रहा है और 'विकसित भारत@ 2047' के निर्माण में इसकी महत्त्वपूर्ण भूमिका है।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि अब तक ओपीडी सेवाओं के तहत सात लाख से अधिक मरीजों को लाभ मिल चुका है, जो कि इस संस्थान की जनसामान्य तक पहुँच और प्रभावशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता अभियान, उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत गाँवों को गोद लेना और जन औषधि केंद्र जैसी पहलें  संस्थान की सामाजिक दायित्व की दिशा में सार्थक पहल है।

राज्यपाल महोदय ने आशा व्यक्त की कि आने वाले समय में एम्स देवघर देश के अग्रणी चिकित्सा संस्थानों की श्रेणी में स्थान बनाएगा और राज्य के लोगों को गंभीर बीमारियों के लिए अन्य महानगरों में नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि सफेद कोट केवल परिधान नहीं, सेवा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा की शपथ है। आपकी संवेदनशीलता और आपकी निष्ठा ही इस संस्थान की वास्तविक पहचान बनेगी।

उक्त अवसर पर राज्यपाल महोदय ने एक्स-रे 1000 एमए, 128- स्लाइस सीटी स्कैन तथा कार्डियक कैथेटेराईजेशन प्रयोगशाला का उद्घाटन भी किया।

---